प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 03.01.2025

मुख्य समाचारः–

- राज्य सरकार ने प्रदेश की सैंतालीस नगर पालिकाओं और पंचानवे नगर पंचायतों में प्रशासकों को नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया है।

- राजिम में बारह फरवरी से छब्बीस फरवरी तक कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा।

- गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया–बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से तीन जवान घायल।

- शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से आज रायपुर में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने पूछताछ की।

नगर पालिका–प्रशासक

राज्य सरकार ने प्रदेश की सैंतालीस नगर पालिकाओं और पंचानवे नगर पंचायतों में प्रशासकों को नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया है।

*नगर पालिकाओं में संबंधित एसडीएम को प्रशासक बनाया गया है। गौरतलब है कि आज प्रदेश की छह नगर पालिकाओं का कार्यकाल खत्म हो रहा है, इसमें डोंगरगढ़, रतनपुर, तखतपुर, बोदरी, मनेंद्रगढ़ और कांकेर की नगर पालिका शामिल हैं। वहीं, नगर पंचायतों में तहसीलदार को प्रशासक बनाया गया है।*

*इस बीच, राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने आज नगर पालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्य के सभी उप जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण, चुनाव तैयारियों और निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।*

*बैठक के दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त ने एक जनवरी दो हजार पच्चीस को अट्ठारह वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में आवश्यक रूप से जोड़ने को कहा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पन्द्रह जनवरी को होगा।*

*नगर निगमों में महापौर तथा नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों में अध्यक्ष के पदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया सात जनवरी को होगी। यह प्रक्रिया रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह साढ़े दस बजे से संपादित की जाएगी।*

राजिम–कुंभ कल्प

राजिम में बारह फरवरी से छब्बीस फरवरी तक कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय में पैरी, महानदी और सोंढूर नदी के संगम पर होने वाले राजिम कुंभ कल्प के तैयारियों के संबंध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शाही स्नान, गंगा आरती, संत समागम समेत कुंभ कल्प के प्रमुख आयोजनों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने

बारह फरवरी को आयोजित होने वाले माघी पुन्नी स्नान, इक्कीस फरवरी को संत समागम और छब्बीस फरवरी को होने वाले शाही स्नान की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने को कहा।

केन्द्रीय राज्यमंत्री–समीक्षा बैठक

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स के साथ छत्तीसगढ़ के लिए विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में छत्तीसगढ़ में जारी परियोजनाओं के अलावा आगामी शहरी विकास परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान प्रमुख परियोजनाओं में शामिल अमृत परियोजना के तहत रायपुर और बेमेतरा में शैलो एक्विफर प्रबंधन की स्थिरता, सिटीस पहल के तहत बिलासपुर में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। बैठक में श्री साहू ने छत्तीसगढ़ के शहरी स्थानीय निकायों द्वारा राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन को अपनाने पर जोर दिया। इसके अलावा "मिशन क्लीन सिटी–अंबिकापुर" पर छत्तीसगढ़ की प्रस्तुति को राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन में सराहा गया।

माओवाद–मुठभेड़ / जवान घायल

गरियाबंद जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। वहीं, कुछ माओवादियों के घायल होने की भी खबर है।

पुलिस अधीक्षक निखिल रखेचा ने आकाशवाणी समाचार को बताया –

इधर, बीजापुर जिले में आज माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से तीन जवान घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी की टीम गश्त पर निकली थी। इसी दौरान तोड़का के पास माओवादियों के द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से डीआरजी के तीन जवान घायल हो गए हैं। जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

ईडी–कवासी लखमा

शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से आज रायपुर में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने पूछताछ की।

इससे पहले, कवासी लखमा आज रायपुर स्थित प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर पहुंचे। शराब घोटाला मामले में निदेशालय को कवासी के खिलाफ सबूत मिले हैं। प्रवर्तन निदेशालय का दावा है कि अवैध शराब बिक्री घोटाले में कवासी लखमा की भी संलिप्तता रही है। इस मामले में उन्हें नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

गौरतलब है कि बीते शनिवार को ईडी की टीम ने कोंटा विधायक कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश कवासी के घर दबिश दी थी। इस दौरान ईडी ने सुकमा, कोंटा और रायपुर स्थित उनके ठिकानों पर छापा मारा था।

नगर–पालिका निलंबन

राज्य शासन ने दल्लीराजहरा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र वार्डेकर को निलंबित कर दिया है। कोंडागांव नगर पालिका में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की पदस्थापना के दौरान अध्यक्ष कक्ष के रिनोवेशन कार्य और फर्नीचर खरीदी में गंभीर अनियमितता पाई गई थी। इस मामले को गंभीर कदाचार मानते हुए राज्य शासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री वार्डेकर का मुख्यालय नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, जगदलपुर नियत किया गया है।

एसीबी–गिरफ्तार

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी बिलासपुर की टीम ने जांजगीर के लछनपुर गांव स्थित जिला हथकरघा कार्यालय में पदस्थ वरिष्ठ निरीक्षक हरेकृष्ण चौहान को पचास हजार रूपए रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि जिले की तीन बुनकर समिति के कार्य निष्पादन पर लगी रोक पर राज्य कार्यालय ने रिपोर्ट मंगाई थी। आरोप है कि रिपोर्ट भेजने के एवज में वरिष्ठ निरीक्षक ने केरा गांव के बुनकर महेंद्र देवांगन से एक लाख पचहत्तर हजार रुपये की मांग की थी। आज एसीबी ने वरिष्ठ निरीक्षक को पचास हजार रुपये की पहली किश्त लेते हुए गिरफ्तार किया है।

ट्रेन–परिचालन

चक्रधरपुर और रांची रेल मंडल के विभिन्न सेक्शनों में अधोसंरचना कार्य को लेकर ब्लॉक किया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। चार से सोलह जनवरी तक बिलासपुर–टाटानगर–बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं, आठ जनवरी को हैदराबाद–पटना स्पेशल एक्सप्रेस, सात जनवरी को रक्सौल–सिकंदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस, ग्यारह जनवरी को मालदा डाऊन सूरत एक्सप्रेस ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

इस बीच, रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत भैंसबोर्ड समपार फाटक पांच जनवरी सुबह ग्यारह बजे से आठ जनवरी की शाम छह बजे तक बंद रहेगा। आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

बीजापुर–पत्रकार लापता

बीजापुर जिले में एक लापता पत्रकार के मामले में पुलिस ने आज जिले के एक ठेकेदार के परिसर में बने नये सेप्टिक टैंक को खोदकर जांच की। इस सेप्टिक टैंक से एक शव बरामद हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि यह शव लापता पत्रकार मुकेश चंद्राकर का है।

गौरतलब है कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार को लेकर एक समाचार प्रकाशित किया था। इसके बाद एक जनवरी से वह लापता हो गया था। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट बीजापुर कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आज संबंधित ठेकेदार के परिसर में सेप्टिक टैंक खोदकर लाश बरामद की है।

देवेन्द्र यादव–जमानत याचिका

बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद सत्रह दिसंबर को हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

गौरतलब है कि पुलिस ने बलौदाबाजार हिंसा के मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को आरोपी बनाया है। विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका निचली अदालत में खारिज होने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी लगाई थी।

धान खरीदी

प्रदेश में इन दिनों समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जारी है। यह खरीदी चौदह नवंबर से शुरू हुई है। अब तक लगभग तिरानवे लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान की खरीदी हो चुकी है। इसके एवज में करीब अट्ठारह

लाख सत्तर हजार किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत इक्कीस हजार चालीस करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान इकतीस जनवरी तक चलेगा।

मौसम

उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आने से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी है। राजधानी रायपुर में न्यूनतम तापमान बारह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान अंबिकापुर में पांच दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। अगले दो–तीन दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की दिशा में परिवर्तन होने के साथ ही नमीयुक्त हवाओं का आगमन बंगाल की खाड़ी से होने लगेगा। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों में प्रदेश के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।